पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,उ0प्र0

राज्यपाल ने झण्डा फहराया

भााम को राजभवन में स्वल्पाहार समारोह का आयोजन

लखनऊः 16 अगस्त, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में झण्डा रोहण किया तथा परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उनकी पत्नी श्रीमती कुन्दा नाईक व राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

राजभवन में झण्डा रोहण के बाद राज्यपाल ने सभी शहीदों को नमन करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यहाँ गंगा, जमुना और संगम है तथा जमीन भी उपजाऊ है। उन्होंने कहा कि आज के अवसर पर हमें अपने सारे गिले–शिकवे भुलाकर यह संकल्प लेना चाहिये की अपने प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में सहयोग करें।

श्री नाईक द्वारा राजभवन में शाम को आयोजित स्वल्पाहार कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव, स्वास्थ्य मंत्री श्री अहमद हसन अन्य मंत्रीगण, स्वतंत्रता सेनानीगण के अलावा पूर्व राज्यपाल श्री माता प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री श्री एन0डी0 तिवारी, श्री लालजी टण्डन, श्री अम्मार रिज़वी, श्री विनय कटियार, श्री जफर अली नकवी, अनेक सांसद और विधायक, गणमान्य नागरिक व वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं सेना के अधिकारी भी शामिल हुए। समारोह में नारी निकेतन के बच्चे व कुष्ठ आश्रम के सदस्य भी उपस्थित थे।

———

अन्जुम / रा0 / राजभवन